हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
गुरुवार
9 फरवरी 2023, बरेली

PAGE NO. 06, MIDDLE

मैदान में उतरे शिवम, आर्यन जुयाल जैसे सितारे

बरेली। शकुंतला देवी मेमोरियल बरेली प्राइजमनी टी-20 क्रिकेट लीग के दूसरे दिन स्टेडियम में अंडर-19 भारतीय टीम के खिलाड़ी शिवम शर्मा, आर्यन जुयाल आदि मैदान पर नजर आए। बुधवार को पहला मैच आरके मुरादाबाद व गंगाशील अकेडमी के मध्य खेला गया। मुरादाबाद के कप्तान आर्यन जुयाल ने पहले बैटिंग लेने का फैसला किया। टीम ने 110 रन बनाए। शिवम शर्मा ने 22 और नयन ने 25 रन की पारी खेली। बदले में गंगाशील की टीम 7 विकेट खोकर 103 रन ही बना सकी। शिवम शर्मा ने 14 ओवर में 7 रन देकर 3 विकेट झटके। उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में एसआरएमएस ने एसजी क्लब को हरा दिया।

स्टेडियम में बुधवार को आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में शॉट लगाते हुए खिलाड़ी।